


नवभारत 05
भोपाल, बुधवार, 08 अप्रैल 2026


## एक नजर में

### दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल.** अयोध्या नगर थाना पुलिस ने दो शराब तस्करों को 10 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी रायसेन, विदिशा जिले से लाकर भोपाल में शराब तस्करी कर रहे थे, जब्त की गई शराब सहित सामनों की कीमत 1 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है. शराब तस्करी के लिए आरोपियों ने शराब ठेका तब्दीली के समय मुनाफा कमाने के लिये सस्ते दाम पर विदिशा रायसेन जिले से पैसे मिलाकर शराब खरीदी थी. आरोपी पूर्व में भी शराब तस्करी के प्रकरणो में जेल जा चुके हैं.

### डेयरी संचालक बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**भोपाल.** मिसरोद थाना इलाके में एक बुजुर्ग डेयरी संचालक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया. मिसरोद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक कैलाश पाल (66) निवासी ग्राम दीपड़ी दूध डेयरी का संचालन करते थे. मौके पर पहुंची पुलिस ने जहर की डिबिया को अपने कब्जे में लिया.

### एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** क्राइम ब्रांच पुलिस ने गोविंदपुरा में एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने करीब 2 लाख रूपए का ड्रग्स बरामद किया है. आरोपी जिस स्कूटी पर सवार थे, उसे भी जब्त कर लिया गया है. क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि कस्तूरबा अस्पताल के पास स्थित सब्जी मंडी में दो संदिग्ध युवक एक स्कूटी पर बैठकर अवैध मादक पदार्थ एमडी बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सुनियोजित तरीके से क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्चिंग की. पुलिस ने दोनों संदिग्धों को चिन्हित कर दबोचा. पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हर्ष यादव (22) और सौरभ तेजवानी (23) निवासी जाटखेड़ी बताया.

### फर्जी सिम एक्टिव करने वाले 2 आरोपी धराए

**भोपाल.** ऑपरेशन फेश के तहत फर्जी सिम एक्टिव करने वाले 2 आरोपियों को सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया. आरोपियों ने अपने पीओएस से एक ही व्यक्ति के चेहरे पर 246 फर्जी सिम जारी की. आरोपियों ने जारी सिम में फर्जी आईडी का उपयोग कर अलग-अलग नाम व पते पर सिम जारी की गई थी. तथ्यों के आधार पर आरोपी पीओएस ने अपने पास सिम लेने आए ग्राहक का आईडी प्रूफ की फोटो कॉपी कर फर्जी अलग-अलग लोगो के नाम पर एक ही व्यक्ति के फोटो पर 250 के लगभग सिमें एक्टिव की. आरोपियों के पास से 2 मोबाइल और 2 सिम जब्त किया है. मामले में शामिल अन्य आरोपियों के तलाश अभी जारी है. पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देशित किया था.

# लोकभवन के सामने फूटी पाइप लाइन

## बड़े तालाब के पंप हाउस से बिड़ला मंदिर के समीप स्थित फिल्टर प्लांट में होती है सप्लाई

**भोपाल, 07 अप्रैल. राजधानी में स्थित लोक भवन के मुख्य द्वार के पास मंगलवार को बड़े तालाब की पाइप लाइन फूट गई, जिससे वहां से निकलने वालों में हड़कंप मच गया. पानी का प्रेशर अधिक होने से सड़क पर तालाब की तरफ भारी मात्रा में बहने लगा था.**

इससे यहां कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा. सूचना नगर निगम को मिलने के बाद पंप हाउस पर मोटर को बंद कर किया. सूचना आयुक्त शपथ ग्रहण का आयोजन लोकभवन में रखा गया था. जिससे यहां पर वीआईपी का आना जाना अधिक था, जिस वजह से दिन में लीकेज सुधार का कार्य नहीं किया जा सका. यह पंप हाउस और लीकेज वाला क्षेत्र जोन 5 के अंतर्गत आता है. वहीं फिल्टर प्लांट जोन 7 के अंतर्गत आता है.



### 1965 की है पाइप लाइन : उदित गर्ग

नगर निगम के जलकार्य प्रभारी उदित गर्ग ने बताया कि यह पाइप लाइन 1965 में बिछाई गई थी. ये लगभग 60 वर्ष पुरानी हो चुकी है. यह पाइप लाइन कास्ट आयरन की है, जो इतनी आसानी से फूटती नहीं है. अभी यह नहीं कहा जा सकता कि फूटने का कारण क्या है.

### 5 एमजीडी फिल्टर प्लांट को सप्लाई

यह पाइप लाइन कमला पार्क स्थित पंप हाउस से बिड़ला मंदिर के पास स्थित 5 एमजीडी फिल्टर प्लांट को सप्लाई करती है. फिल्टर प्लांट से मालवीय नगर, न्यू मार्केट, 1250, सेकेंड स्टॉप, पांच नंबर सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की सप्लाई होती है. इन क्षेत्रों में लगभग 5 हजार परिवारों की पानी की पूर्ति इसी फिल्टर प्लांट से होती है.

### 10 साल पहले ही बिछी थी

सूत्रों के अनुसार यह पाइप लाइन लगभग 10 साल पहले ही बिछाई गई थी, जब यह लाइन बिछाई गई थी उस समय मधुकर त्रिवेदी इंजीनियर थे. उनकी देखरेख में कार्य किया गया था.

### इनका कहना है

पुरानी पाइप लाइन थी, किस वजह से लीकेज हुआ है, पता नहीं है.

**अजय सोलंकी,** सब इंजीनियर, जलकार्य, जोन 5 नगर निगम भोपाल

लोकभवन के सामने पाइप लाइन लीकेज जानकारी मिली थी. छोटा सा लीकेज है. जल्द कार्य हो जाएगा. पानी सप्लाई में कोई व्यवधान नहीं आएगा.



**तन्मय वशिष्ठ शर्मा,** आईएएस,अपर आयुक्त, नगर निगम, भोपाल

# सीएमएचओ को शोकाज नोटिस

▶ टीकाकरण में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई



**विशेष संवाददाता**

भोपाल. स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जब जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की.

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर आयुक्त धनराजू एस ने टीकाकरण कार्य में कथित लापरवाही के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है. शर्मा को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. निर्धारित समय में जवाब नहीं देने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिले में तय लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हो सकी, जिससे राज्य स्तर की उपलब्धियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है.

रवि परमार, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. शर्मा टीकाकरण कार्य की अनदेखी कर अवैध अस्पतालों से कथित वसूली में लगे हुए हैं. परमार ने यह भी आरोप लगाया कि जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत के साथ मिलकर अस्पताल संचालकों के साथ सांठगांठ कर फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है.



# शराब की दुकान बंद कराने पहुंचीं महिलाएं

## जनसुनवाई में आए 195 आवेदन, अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल 07 अप्रैल. कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई की गई, जिसमें कलेक्टर के निर्देशन में एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य,प्रकाश नायक ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं.** इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया. जनसुनवाई में 195 आवेदन प्राप्त हुए. उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए. विजय नगर में नित्य सेवा सोसायटी के सामने शराब की दुकान को काफी दिनों से विरोध चल रहा है. जन सुनवाई में आई महिलाओं ने बताया कि सोसायटी के सामने शराब की दुकान खुल रही हैं.



### माशिमं ने द्वितीय परीक्षा की नई व्यवस्था की लागू

**भोपाल.** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश ने इस वर्ष से छात्रों को बड़ी राहत देते हुए पूरक परीक्षा व्यवस्था समाप्त कर दी है और उसकी जगह द्वितीय परीक्षा की नई व्यवस्था लागू की है. यह फैसला उन हजारों छात्रों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आया है, जो कुछ अंकों से पीछे रह जाते थे या अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं होते थे. मंडल द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 2026 की हायर सेकेंडरी द्वितीय और हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा शुरू हो चुकी है.

# इंजीनियर्स के लिए विशेष विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र

**भोपाल, 07 अप्रैल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर में 'विद्युत सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र हुआ. इस सत्र में कंपनी के उप महाप्रबधकों, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों ने तकनीकी सुरक्षा और आधुनिक सुरक्षा मानकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया. अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित प्रशिक्षण सत्र में केएफडब्ल्यू द्वारा वित्त पोषित प्रोजेक्ट के तहत विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी साझा की.



प्रोजेक्ट कंसल्टेंट मेसर्स मरकाडॉस इनर्जी मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहायक निदेशक सिद्धार्थ घोष, प्रबंधक संदीप शर्मा एवं सहायक पंकज गोइंका तथा श्री मोहित भारद्वाज ने पॉवर सेक्टर में सुरक्षा की वैश्विक प्रणालियों और कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया. प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने कहा कि फील्ड में तैनात इंजीनियर्स को समझना होगा कि कंपनी की प्राथमिकता निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ ही लाइन स्टाफ, इंजीनियर्स और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है.

# कर्तव्य : डायल-112 के जवानों ने परित्यक्त नवजात की जान बचाई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल.** मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रायसेन जिले में परित्यक्त नवजात शिशु को सुरक्षित बचाया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल स्थित डायल-112 राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को औबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पटेल चौक पुल के पास एक नवजात शिशु के परित्यक्त अवस्था में मिलने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया.



# वल्लभ भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह की परंपरा पुनर्जीवित

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल. वर्षों पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मंगलवार को वल्लभ भवन क्रमांक 01, कक्ष क्रमांक 506 में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया. कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने स्वागत भाषण में कहा कि संगठन कर्मचारियों की मांगों के लिए संघर्ष के साथ-साथ कल्याणकारी गतिविधियों पर भी समान रूप से ध्यान देता है. समारोह में मंत्रालय परिवार के 30 मेधावी बच्चों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया. कर्मचारी मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाले कई पत्रकारों का भी सम्मान किया गया, जिनमें प्रवीण दुबे, धनंजय प्रताप सिंह, वैभव श्रीधर, अनूप डुबोलिया, संजय दुबे, मृगेंद्र सिंह, हरिचरण यादव, चरण सिंह चौहान, वीरेन्द्र शर्मा और वीरेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं.



# चलती कार से फेंकी गई बुजुर्ग महिला अस्पताल से गायब

▶ आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल, 07 अप्रैल. बाग सेवनिया थाना इलाके में चलती कार से फेंकी गई बुजुर्ग महिला मंगलवार को अस्पताल से अचानक से लापता हो गई.**

लहूलुहान बुजुर्ग महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा था. अब महिला के गायब होने से पुलिस के सामने आरोपियों की गिरफ्तारी बड़ी चुनौती बन गई है. जानकारी सामने आई है कि बुजुर्ग महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा था. अस्पताल में भर्ती होने के दौरान करीब 20 घंटे बाद महिला कहीं चली गई, जिसकी जानकारी अस्पताल के स्टाफ को भी नहीं है. मामला सामने आने के बाद पुलिस अब तकनीकी मदद से बुजुर्ग महिला को ढूढने में लगी है. बता दें कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे महिला को जब घायल अवस्था में पाया गया था.

# 13 अप्रैल को शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 07 अप्रैल**

वर्षों से अपने अधिकारों और भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहे मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षक अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं. अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर प्रदेश में 13 अप्रैल को राजधानी भोपाल में बड़ा प्रदर्शन होने वाला है, जिसमें प्रदेश भर से हजारों अतिथि शिक्षकों के शामिल होने की संभावना है. संघ द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि अतिथि शिक्षकों ने वर्षों तक छात्रों का भविष्य संवारा, लेकिन आज उनका खुद का भविष्य असुरक्षित बना हुआ है. यही कारण है कि अब यह आंदोलन एक बड़े संकल्प का रूप ले चुका है. संगठन ने शिक्षकों से परिवार सहित आंदोलन में शामिल होकर एकजुटता दिखाने की अपील की है, जिससे सरकार पर उनकी मांगों को मानने का दबाव बन सके.

अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यकता पड़ने पर की जाती है, लेकिन स्थाई नियुक्ति होते ही अतिथि शिक्षक के सर पर समस्यायों का बोझ आ गिरता है, क्योंकि अगली काउंसलिंग में अतिथि शिक्षक के तौर पर नियुक्ति मिलेगी भी या नहीं इसका भरोसा नहीं होता. ऐसे में सरकार को सामाजिक रूप से अतिथि शिक्षकों को सुरक्षा देने के लिए निर्णायक कदम उठाने पड़ेंगे.

**तूफान सिंह शर्मा,** प्रदेश अध्यक्ष, अतिथि शिक्षक संघ मप्र

### आरोपी आसिफ की तलाश जारी

**भोपाल.** अशोका गार्डन थाना इलाके में एक छात्रा के साथ नाम बदलकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी आसिफ रजा पुलिस की पकड़ से अभी दूर है. पुलिस को दो टीमें फरार आरोपी आसिफ की सर्चिंग तेज कर दी है. आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता से अपनी पहचान छुपाकर उससे दोस्ती की थी. आसिफ ने आशीष पांडेय नाम बताकर पीड़िता से जान पहचान बनाई और फिर उसका शारीरिक शोषण किया. पुलिस के मुताबिक आरोपी आसिफ मूलत: बिहार राज्य का रहने वाला है. जानकारी सामने आई है कि पीड़िता ने करीब एक महीने पहले मामले की शिकायत महिला थाने पहुंचकर की थी.

# जीआरपी भोपाल ने मशीन चोरों को किया गिरफ्तार

**भोपाल, 07 अप्रैल.** जीआरपी भोपाल ने चोरी गई मशीन, जिसकी कीमत चार लाख पंद्रह हजार रूपए को बरामद किया है. जीआरपी को इसके लिए तीन राज्यों कटक (उडीसा), कलकत्ता (बेस्ट बंगाल) और गुवाहाटी (असम) तक दबिश देने पड़ा. आरोपी भोपाल रेलवे ब्रिज कंस्ट्रक्शन साइड से चोरी कर मशीन ले गए थे. पुलिस ने इसके साथ ही मशीन खरीदार पर भी की कार्रवाई की है. चोरी की मशीन को आरोपी बांग्लादेश में बेचने के फिराक में था.

जीआरपी के मुताबिक 19 फरवरी को फरियादी अजमेर सिंह निवासी खुरई जिला सागर हाल सुपरवाइजर रेलवे ब्रिज निर्माण शेड निशातपुरा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई. फरियादी ने बताया कि साइड इंजीनियर के अवकाश के जाने के बाद रखे टोटल सर्वेलाइ का मशीन बोक्स से कोई अज्ञात बदमाश मशीन निकाल कर चोरी कर ले गया. जीआरपी थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई. तकनीक मदद से मशीन का उड़ीसा राज्य के कटक में मशीन सुधारक सनोज साहू को बेचने की कोशिश करते पूछताछ पर बेचने वाले व्यक्ति के इनपुट के आधार पर जीआरीप टीम पहुंची, जहां से मिली सूचना के आधार पर बेस्ट बंगाल राज्य के कलकत्ता में खरीददार संदीप शाह उम्र 53 निवासी वाल्टीकूडी कोलकाता से पूछताछ पर मशीन सुमन राय निवासी कोलकता से कम पैसों में खरीदकर गुवाहाटी असम में किराए से चलाने देने की बात सामने आई. जीआरपी ने असम से मशीन बरामद कर मुख्य आरोपी सुमन राय को तलाश कर पकड़ा और पूछताछ की. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आर्थिक तंगी और काम न मिलने के कारण मौका पाकर वह मशीन चोरी कर लाया था,



**परेशानी** ▶ प्रतिदिन 12 हजार सिलेंडर की हो रही आपूर्ति , समय पर डिलीवरी नहीं होने पर एजेंसी पर पहुंच रहे हैं उपभोक्ता

# रसोई गैस सिलेंडरों की पेंडेंसी नहीं हो रही कम

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 07 अप्रैल. संभागीय कार्यालय में सभागायुक्त संजीव सिंह ने मंगलवार को एक बार फिर से रसोई गैस की समस्या को लेकर संबधित अधिकारियों के साथ बैठक कीऔर उन्होंने एक बार फिर शहर में पीएनजी कनेक्शनों को देने पर जोर दिया, जो यह दर्शाता है कि रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति करने में प्रशासन विफल है.**

जबकि गैस की समस्या को लेकर सोमवार को भी संभायुक्त बैठक ले चुके हैं. राजधानी में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है. उपभोक्ता को बुकिंग के 10 दिन बाद भी सिलेंडर घर पर नहीं पहुंच रहे हैं, जिस वजह से एंजेंसियों पर पहुंचने को मजबूर हो रहे हैं. वहीं बुकिंग में भी कोई कमी नहीं आ रही है. सप्लाई की क्षमता से अधिक बुकिंग हो रही है. इससे एजेंसियों को सप्लाई करने में देरी हो रही है. रसोई गैस सिलेंडर की पेंडिंग बुकिंग की संख्या लगभग 20 हजार बनी हुई है. इस समस्या से राहत देने के लिए अब प्रशासन ने शहर में थिंक गैस की ओर से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिछाई जाने वाली पाइप लाइन और दिए जाने वाले पीएनजी कनेक्शन देने का काम बढ़ाना शुरू कर दिया है. संभागायुक्त ने कहा कि 3 महीने में 75 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन हो जाना चाहिए, जो पीएनजी कनेक्शन नहीं लेगा, उनका एलपीजी कनेक्शन काट दिया जाएगा. बैठक में प्रशासन के अधिकारियों सहित पीडब्ल्यूडी,नगर निगम,थिंक गैस के अधिकारी मौजूद रहे, प्रशासन का दावा है कि प्रतिदिन शहर में लगभग 12 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन जब बुकिंग करने पर दो से तीन दिनों में होम डिलीवरी नहीं हो रही है तो गैस एजेंसियां कंपनियों से मिलने वाले सिलेंडरों के स्टॉक का क्या कर रही हैं? कालाबाजारी पर पूरी तरह जिम्मेदार अधिकारी अंकुश क्यों नहीं लगा पा रहे हैं? आखिरकार जब गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता तो 25 दिनों से सिलेंडरों की आपूर्ति की व्यवस्था पटरी पर क्यों नहीं लौट पा रही है? शहर में पीएनजी को बिछाने का कार्य लगभग तीन से चल रहा है. इस दौरान सुभाष नगर, गौतम नगर, नर्मदापुरम रोड आशिमा मॉल के आसपास की कॉलोनियां, नारायण नगर, विद्या नगर, बावड़िया कलां क्षेत्र, अरेरा कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पीएनजी बिछाई जा चुकी है और यहां पर कलेक्शन भी दिए जा रहे हैं. वहीं न्यू मार्केट, शिवाजी नगर, 74 बंगले, चार इमली आदि क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है.



### पांच किलो के गैस सिलेंडर जल्द मिलेंगे

जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि राजधानी में 7 हजार 5 किलो एलपीजी की क्षमता के सिलेंडर हैं, जो अब उपभोक्तओं को एजेंसियों की ओर से दिए जाएंगे. इसमें इंडेन के 4 हजार और एचपी व भारत के 3 हजार सिलेंडर शामिल हैं. इसके लिए सिर्फ आधार कार्ड की फोटो कॉपी देनी होगी. इससे रसोई गैस की किल्लत कुछ हद तक दूर होगी.

# ड्यूटी के दौरान एसटीएफ जवान की संदिग्ध मौत

## लाल परेड मैदान में चल रही थी ड्यूटी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 07 अप्रैल. ब्लैक कमांडो ट्रेनिंग के दौरान ड्यूटी पर तैनात विशेष सशस्त्र बल के एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. लाल परेड मैदान में चल रही ड्यूटी के दौरान जवान विश्राम करने के लिए कंट्रोल रूम स्थित बैरक में गए थे.**

अचानक तबीयत बिगड़ने पर वह बेसुध पाए गए. मौके पर मौजूद साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान 35 वर्षीय रावेंद्र सिंह भदौरिया के रूप में की गई है. रावेंद्र मूलत: उदयपुरा रायसेन निवासी थे और वर्तमान में 25वीं बटालियन (एसटीएफ) में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे. नेहरू नगर पुलिस लाइन स्थित अपने निवास से रावेंद्र सिंह सोमवार को लाल परेड मैदान में चल रही ब्लैक कमांडो ट्रेनिंग की ड्यूटी के लिए आए थे.